# कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज0)

## –:: तकनीकी निविदा प्रपत्र ::–

नगर निगम कोटा उत्तर के ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर संविदा पर डोजर मशीन आपूर्ति कर संचालन कार्य वार्षिक अनुबंध।

फर्म का नाम एवं पता : ..............................................................

कार्य का नाम : ..............................................................

अनुमानित राशि :– 51 लाख

प्रोसेसिंग शुल्क :– 1500/– ऑनलाईन www.Kotamc.org पर प्राप्त की जावेगी ।

धरोहर राशि :– 1,02,000/– रू0 ऑनलाईन www.Kotamc.org पर प्राप्त की जावेगी ।

टेण्डर फीस :– 3,500/– रू0 ऑनलाईन www.Kotamc.org पर प्राप्त की जावेगी ।

- निविदा डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाईट से) : 11/12/24 से 24/12/24 तक (सांय 6.00 बजे तक)
- निविदा अपलोड करने की तिथि : 11/12/24 से 24/12/24 तक (सांय 6.00 बजे तक)
- धरोहर राशि/निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन www. kotamc.org पर जमा करानी होगी।
- निविदा/तकनीकी बिड खोलने की तिथि : 26/12/24 (दोपहर 12.00 बजे )

| क्र. सं | तकनीकी बिड़ के साथ निम्न दस्तावेज जो संलग्न करने है। | संलग्न हां/नहीं | संलग्न पेज सं |
|---|---|---|---|
| 1 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवम् प्रोसेसिंग फीस के भुगतान ऑनलाईन www.Kotamc.org पर जमा कराने के साक्ष्य की प्रमाणित प्रति। | | |
| 2 | निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ हस्ताक्षरित। | | |
| 3 | स्थायी पता प्रमाणीकरण के लिये कोई एक (नल/बिजली/टेलिफोन/आधार कार्ड/ड्राईविंग लाईसेन्स/मतदाता परिचय पत्र) की प्रमाणित प्रति। | | |
| 4 | पेन कार्ड की प्रमाणित की प्रति। | | |
| 5 | जी.एस.टी. पंजीयन की स्व प्रमाणित प्रति । | | |
| 6 | संवेदक की फर्म ब्लेक लिस्टेड/डी–बार नहीं होने का होने बाबत् रू0 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर कार्य पालक मजिस्ट्रेट या नोटेरी पब्लिक द्वारा प्रमाणित मूल शपथ पत्र तकनिकी निविदा में प्रस्तुत करना होगा। | | |
| 7 | संवेदक को नगर निगम कोटा उत्तर के किसी भी महापौर/उपमहापौर/पार्षद/अधिकारी/कर्मचारी से ब्लड रिलेशन नही होने बाबत् रू0 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर कार्य पालक मजिस्ट्रेट द्वारा जारी नोटेरी पब्लिक द्वारा प्रमाणित मूल शपथ पत्र। | | |
| 8 | आवेदक का गत तीन वर्ष का इनकम टेक्स का रिटर्न की प्रमाणित प्रति(वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24, 2024–25) । | | |
| 9 | आवेदक का गत तीन वर्ष का राशि 20 लाख रूपये औसत वार्षिक टर्न ओवर का सी.ए. से प्रमाणित प्रमाण पत्र वर्ष 2022–23, 2023–24, 2024–25) । | | |
| 10 | संवेदक को किसी भी राजकीय विभाग अथवा राजकीय उपक्रम, नगर निकाय/सार्वजनिक उपक्रम में डोजर संचालन या समान प्रकृति के कार्य का गत 3 वर्ष का निम्नानुसार सम्पादित कार्य जिसका अनुभव/पूर्णता प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा :–<br>➢ एक कार्य का अनुमानित लागत का 80: के बराबर पूर्णता का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।<br>या<br>➢ दो कार्य जिनमें प्रत्येक कार्य का अनुमानित लागत का 50% के बराबर पूर्णता का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।<br>या<br>➢ तीन कार्य जिनमें प्रत्येक कार्य का अनुमानित लागत का 40% के बराबर पूर्णता का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। | | |
| 11 | डोजर मशीन स्वंय की है तो बिल की छाया प्रति अथवा किराया पर है तो किरायानामा एवं बिल की छाया प्रति व डोजर मशीन के बिमा की प्रति । | | |

नोट :–(1) तकनीकी बिड़ में सफल संवेदक की ही वित्तीय बिड़ खोली जायेगी।

अरविन्द

हस्ताक्षर संवेदक

स्वास्थ्य अधिकारी<br>नगर निगम कोटा उत्तर

अति० आयुक्त<br>नगर निगम कोटा उत्तर



Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज0)

## वित्तीय निविदा प्रपत्र

अति० आयुक्त
नगर निगम कोटा उत्तर

फर्म का नाम : ..........................................................................................................

- निविदा डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाईट से) : 11/12/24 से 24/12/24 तक (सांय 6.00 बजे तक)
- निविदा अपलोड करने की तिथि : 11/12/24 से 24/12/24 तक (सांय 6.00 बजे तक)
- धरोहर राशि/निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन www.kotamc.org पर जमा करानी होगी।
- निविदा/तकनीकी बिड खोलने की तिथि : 26/12/24 (दोपहर 12:00 बजे)
- अनुमानित राशि : 51 लाख
- धरोहर राशि : 1,02,000/–
- टेण्डर फीस : 3,500/–
- प्रोसेसिंग फीस : 1,500/–
- ऑनलाईन जमा का क्रमांक ..........................................
- राशि ..........................................................................

| क्र.सं | कार्य का नाम | दर प्रतिघंटा (समस्त करों सहित) | |
|---|---|---|---|
| | | अंको में | शब्दों में |
| 1 | नगर निगम कोटा उत्तर के ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर संविदा पर डोजर मशीन आपूर्ति कर संचालन कार्य वार्षिक अनुबंध (डीजल, ऑयल, चालक, मरम्मत एवं समस्त व्यय सहित) | | |

नोट :– दरो के अतिरिक्त कोई अन्य शर्त मान्य नहीं होगी।

(निविदादाता के हस्ताक्षर)

नाम ..................................................

पता ...................................................

मोबाईल नं0 ...................................



Scanned with OKEN Scanner

## नगर निगम कोटा उत्तर के ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर संविदा पर डोजर मशीन आपूर्ति कर संचालन कार्य वार्षिक अनुबंध :–

1. निविदा ऑनलाईन भरी जावेंगी। निविदा भरने हेतु निविदा शुल्क/धरोहर राशि/प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन www.kotamc.org पर जमा करानी होगी। जिसका साक्ष्य निविदा की तकनीकी बिड के साथ प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा दो पार्ट में होगी तकनीकी एंव वित्तिय बिड को पृथक–पृथक रूप से अपलोड करना होगा तथा वित्तिय बिड की फिडिंग अलग होगी। पहले तकनीकी बिड ओपन की जायेगी। उसका परीक्षण होगा तथा तकनीकी रूप से सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय बिड खोली जायेगी।
3. निविदादाता को एक डोजर स्वंय/किराये का लगाकर दैनिक रूप से आवश्यकतानुसार 4 से 8 घंटे निगम द्वारा बताये गये समय अनुसार ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचने वाले कचरे को समतीकरण करना/दबाना होगा। कार्य पूरे माह करना होगा कोई अवकाश नही रहेगा।
4. निविदादाता के द्वारा लगाये गये डोजर मशीन मे चालक, ऑयल, डीजल मरम्मत, आदि समस्त जिम्मेदारी संवेदक की होगी। कार्य के दौरान डोजर खराब होने पर दूसरा डोजर तत्काल उपलब्ध कराना होगा। अन्यथा 5000/–प्रतिदिन शास्ती आरोपित की जा सकेगी।
5. निविदा की शर्तो की पालना नही करने पर नियमानुसार पेनेल्टी लगाई जा सकेगी।
6. निविदादाता की स्वंय/किराये की मशीन होना आवश्यक है अथवा किराये का ऐग्रीमेन्ट प्रस्तुत करना है। केटर पीलर डोजर, डी–50 केपिसीटी, 42 टन केपिसीटी बकेट सहित 90 एच.पी.का डोजर होना चाहिये।
7. मशीन में डीजल, ऑपरेटर, एवं डोजर मशीन की टूट फूट मरम्मत कार्य स्वंय संवेदक को कराना होगा। बकेट 12X3 पिज साईज विद डीप ग्रूंजर कामातन को प्राथमिकता की मशीन उपलब्ध करना होगी। ब्लेड 8 पिज साईज की होनी चाहियें।
8. डोजर मशीन के अगले भाग पर मोटे–मोटे अक्षरों में अनुबंधित नगर निगम कोटा उत्तर की पट्टिका लगानी होगी।
9. कार्य का प्रमाणीकरण स्वास्थ्य अधिकारी/प्रभारी ट्रेंचिंग ग्राउण्ड द्वारा किया जावेगा।
10. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी नगर निगम कोटा उत्तर में निहित होगा।
11. सशर्त निविदा मान्य नही होगी।
12. बिना धरोहर राशि के कोई निविदा मान्य नही होगी।
13. किसी भी दुर्घटना की जिम्मेदारी संवेदक की होगी।
14. कार्य आदेश प्राप्ती के 7 योम में निर्धारित राशि के स्टाम्प पर अनुबन्ध प्रस्तुत करना होगा अनुबन्ध के समय निविदा राशि का 3 प्रतिशत कार्य संपादन प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करानी होगी। जो उक्त 2 प्रतिशत से अतिरिक्त होगी।
15. लोग बुक की प्रतिदिन की प्रविष्टि ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर प्रभारी ट्रेंचिंग ग्राउण्ड से प्रमाणित कराना होगा।
16. संवेदक को श्रम संबधित कानूनो प्रावधानों एंव लेबर एक्ट की पालना करनी होगी एंव इससे संबधित समस्त दायित्वों का निर्वाह करना होगा।
17. निगम के हित में अनुबन्ध/कार्यादेश कभी भी निरस्त किया जा सकता है।
18. सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कोटा होगा।
19. किसी विवाद के लिये अन्तिम निर्णय सक्षम प्राधिकारी नगर निगम कोटा उत्तर को मान्य होगा।
20. निविदा में दरें समस्त करो चार्जेज सहित दी जावे राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा लागू शुल्क/करों आदि के भुगतान का दायित्व संवेदक का होगा।
21. ठेका अवधि समाप्ति पश्चात अगर ठेका किन्ही कारण वश समय पर पुनः नही हो पाता है या नवीनीकरण नही किया जाता है तो ठेकेदार को उनके द्वारा दी गयी वर्तमान दर पर ही नियमानुसार कार्य करना होगा।
22. संवेदक को श्रमिको को पहचान पत्र जारी करने होगें जो डयूटी के समय हमेशा उनके पास होगे।
23. आयुक्त, उपायुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी एवं प्रभारी ट्रेचिंग ग्राउण्ड के निर्देशानुसार कार्य करना होगा।
24. निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी नगर निगम कोटा उत्तर में निहित होगा।
25. निविदा प्राप्ति/खोले जाने की नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की स्थिति में अगला कार्य दिवस माना जायेगा।
26. निविदा की शर्तो का उल्लंधन करने/कार्य संतोषप्रद न होने की अवस्था में ठेका निरस्त कर धरोहर राशि जप्त की जा सकेगी।
27. कार्य निविदा शर्तो के अनुसार नही होने पर आनुपातिक रूप से राशि कटौती या अन्य नियमानुसार
28. कार्यवाही करने को निगम स्वतंत्र होगा।
29. कार्य पर रिस्क एण्ड कोस्ट के नियम प्रभावी होगें।



Scanned with OKEN Scanner

30. सामान्य वित्तिय लेखा नियम, नगर पालिका क्रय एवं आर0टी0पी0पी0 एक्ट 2012 एवं आर0टी0पी0पी0 रूल्स 2013 में दिये गये नियम लागू होगें।
31. संवेदक को प्रतिमाह बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
32. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने के समस्त अधिकार नगर निगम के निहित होगा। निगम के द्वारा डोजर का संचालन आवश्यकता अनुसार किया जावेगा। किसी दिवस विशेष डोजर संचालन की आवश्यकता न होने की स्थिति में संवेदक कोई भुगतान नही किया जावेगा।
33. राजस्थान सरकार में कही पर भी डिबार होने पर डिबार अवधि में टेण्डर प्रकिया में भाग नही लिया जा सकेगा।

**स्वायत्त शासन विभाग द्वारा जारी स्टेण्डर बिड डोक्यूमेंट पत्रांकः पीए/एफए/डीएलबी/2023/10390-10671 दिनांक 28.06.2024 के अनुसार निम्न शर्तो की पालना अनिवार्य होगी** ::-

34. निविदा में स्वीकृत सामग्री/सेवाओ की दरें कार्यादेश तिथि से 01 वर्ष के लिये मान्य होगी, उक्त अवधि को आपसी सहमति से 01 वर्ष के लिये ओर बढ़ाया जा सकता है।
35. ई-बोली प्रपत्र दो भागों में है। प्रथम भाग तकनीकी बिड है तथा द्वितीय भाग वित्तीय बिड है। बोली दाता द्वारा तकनीकी बिड हेतु यह प्रपत्र मय संलग्न व वांछनीय दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करते हुये (मय सील) eproc पोर्टल पर अपलोड करनी है। वित्तीय बिड ऑनलाईन BOQ में ही प्रस्तुत की जानी है। इससे भिन्न रूप में प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। वित्तीय दर वाला बिड डॉक्यूमेन्ट केवल उन्ही फर्मों का खोला जायेगा, जिन्हें कमेटी द्वारा तकनीकी बिड डॉक्यूमेन्ट में योग्य समझा जायेगा।
36. निविदादाता निविदा राशि की 2.00 प्रतिशत अमानता राशि जमा कराना अनिवार्य होगा। प्रतिभूति घोषणा पत्र की हार्डकॉपी फर्म द्वारा निर्धारित समय, दिनांक पर कार्यालय में जमा करानी होगी।
37. संवेदक को किसी भी राजकीय संस्था विभाग, बोर्ड, कॉर्पोरेशन अथवा उपक्रम में वर्तमान में ब्लैक लिस्टेड/डी - बार अथवा डिफाल्टर घोषित नहीं किया होना चाहिए इस संबंध में 100 रूपयें के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पैपर पर नोटरी से प्रमाणित शपथ-पत्र निविदा के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक है।
38. फर्म का नाम एवं पता मय टेलीफोन नम्बर, फर्म की स्थिति एकाकी/पार्टनरशिप/प्रा.लि. आदि का विवरण संलग्न करना होगा। साथ ही फर्म का पैनकार्ड नं. की छायाप्रति संलग्न करनी होगी। फर्म का स्वंय का नगरीय निकाय क्षेत्र में कार्यालय स्थित होना आवश्यक है। (प्रमाण पत्र संलग्न करे)
39. फर्म का जीएसटी विभाग द्वारा जारी जीएसटी सर्टिफिकेट मय नवीनतम् जीएसटी रिर्टन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करनी होगी।
40. संवेदक को उपरोक्त कार्य में भाग लेने के लिए विगत तीन वित्तीय वर्ष में निविदा राशि का वार्षिक औसत न्यूनतम 50 प्रतिशत टर्न ओवर प्रतिवर्ष का होना आवश्यक होगा। इस हेतु संवेदक द्वारा सी.ए. से प्रमाणित ओडिटेड बेलेन्स शीट लगाया जाना आवश्यक होगा।
41. संवेदक को किसी भी राजकीय विभाग अथवा राजकीय उपक्रम में समान प्रकृति के गत 3 वर्ष मे निम्नानुसार सम्पादित कार्य जिसका अनुभव/पूर्णता प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा :-

- ➢ एक कार्य का अनुमानित लागत का 80% के बराबर पूर्णता का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

या

- ➢ दो कार्य जिनमें प्रत्येक कार्य का अनुमानित लागत का 50% के बराबर पूर्णता का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

या

- ➢ तीन कार्य जिनमें प्रत्येक कार्य का अनुमानित लागत का 40% के बराबर पूर्णता का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

42. संवेदक को निविदा में मांगे गये दस्तावेजों की पूर्ती कर लगाया जाना आवश्यक होगा। यदि मांगे गये दस्तावेजों की पूर्ती नहीं किये जाने पर उस फर्म को असफल माना जावेगा।
43. फर्म के गठन आदि में किसी भी परिवर्तन की सूचना क्रेता अधिकारी को लिखित में आपूर्तिकर्ता/सेवाप्रदाता ठेकेदार द्वारा दी जायेगी तथा इस परिवर्तन से संविदा के अधीन किसी भी दायित्व से फर्म के पहले सदस्य को मुक्त नहीं किया जावेगा।
44. निविदादाता विफल रहा है के मूल्य की निम्नानुसार प्रतिशत के आधार पर वसूली की जावेगी।

- विहित परिदान कालावधि की एक चौथाई कालावधि तक विलम्ब 2.50 प्रतिशत



Scanned with OKEN Scanner

- विहित कालावधि से एक चौथाई से अधिक किन्तु आधी से अनाधिक कालावधि तक बिलम्ब 5.00 प्रतिशत
- विहित कालावधि के आधे से किन्तु तीन चौथाई तक की कालावधि का बिलम्ब 7.50 प्रतिशत
- विहित कालावधि के तीन चौथाई से अधिक की कालावधि का बिलम्ब 10.00 प्रतिशत
- निर्धारित नुकसान की अधिकतम रकम 10.00 प्रतिशत

45. संविदा के संबंध में फर्म में किसी भी नए भागीदार/भागीदारों को ठेकेदार द्वारा फर्म में तब तक स्वीकार नहीं किया जायेगा जब तक कि वे इसकी समस्त शर्तों को मानने के लिये बाध्य नहीं हो जाते एवं क्रेता अधिकारी को इस संबंध में लिखित नामा प्रस्तुत नहीं कर देतें। प्राप्ति स्वीकृति के लिए ठेकेदार की रसीद या बाद में उपरोक्त रूप में स्वीकार की गयी किसी भागीदारी की रसीद उन सब को बाध्य करेगी तथा वह संवदि के किसी प्रयोजन के लिए पर्याप्त रूप से उन्मुक्ति (डिस्चार्ज) होगी।
46. स्वीकृत निविदादाता की नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा समय–समय पर आदेश मिलने पर नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा निर्दिष्ट स्थान पर सामान की निर्देशानुसार पूर्ण व्यवस्था करनी होगी। सामान टूट–फूट रहित साफ तथा अच्छी क्वालिटी का होना आवश्यक है। स्वीकृत निविदादाता को इसके लिये अतिरिक्त चार्ज देय नहीं होगा। सामान की संख्या में कमी या बढोतरी करने का अधिकार नगर निगम कोटा उत्तर को पूर्ण अधिकार होगा।
47. स्वीकृत निविदादाता को निविदा की शर्तों की पूर्ण पालना करनी होगी। शर्तों की अवहेलना/खराब सामान आपूति करने पर तथा विलम्ब पर नियमानुसार कार्यवाही कर नुकसान को वसूलने का नगर निगम कोटा उत्तर को पूर्ण अधिकार होगा। ऐसे मामलों में फर्म के दोषी पाये जाने पर स्वीकृति निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रित की जा सकेगी। नई फर्म को निविदा द्वारा कार्यादेश दिये जाने तक नगर निगम कोटा उत्तर ठेकेदार की रिस्क व कोस्ट के आधार पर किसी अन्य (निविदा में भाग लेने वाली) फर्म से कार्य कराया जा सकेगा, जिसकी कटौती ठेकेदार से की जावेगी।
48. निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार नगर निगम कोटा उत्तर को होगा।
49. सफल निविदादाता को सामग्री/सेवाओं की टेण्डर राशि की 5 प्रतिशत राशि सिक्योरिटी डिपोजिट के रूप में रखी जायेगी। इसमें अमानता राशि को समायोजित करते हुए, शेष राशि ठेकेदार को जमा करानी होगी। यह निविदा अवधि तक नगर निगम कोटा उत्तर में जमा रहेगी। इस पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।
50. सफल निविदादाता को नियमानुसार निर्धारित राशि के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नगर निगम कोटा उत्तर के तहत शर्तों की पालना के संबंध में एक संविदा पत्र लिखना होगा, जिस पर दो गवाहों के हस्ताक्षर होगें।
51. निविदा की शर्तों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन/परिवर्धन करने का अधिकार आपसी सहमति से नगर निगम/परिषद/पालिका को होगा। लेकिन यह निविदा प्रस्तुत करने की तारीख से पूर्व होना चाहिए तथा निविदा के कुल समय का 50% समय से पूर्व अपलोड होना चाहिए।
52. निविदादाता द्वारा दी जाने वाली दरें सभी कर सहित होगी।
53. फर्म के बिलों से नियमानुसार आयकर कटौती भुगतान करते समय की जायेगी।
54. यदि निविदादाता किसी कार्यादेश की पूर्ति समय पर नहीं कर पावे अथवा आदेशों की अवहेलना करता है, या आदेशों को लेने से मना करता है, तो 5000/– रू. प्रतिदिन की दर से जुर्माना आगामी होने वाले भुगतान राशि में से काटा जावेगा।
55. कार्य की आवश्यकता को देखते हुए दूरभाष पर भी आदेश दिये जा सकेंगे जो ठेकेदार को मान्य होंगे। इसकी पुष्टि में बाद में आदेश जारी किये जा सकेंगे।
56. निविदादाता द्वारा दरें निकटतम रू. एवं पैसों में दी जावेगी।
57. ठेकेदार के ठेके को निरस्त करने की अवस्था में नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा उचित समझे जाने पर निविदा में भाग लेने वाली अन्य फर्मों से प्रथम निविदादाता (वर्तमान ठेकेदार) की अनुमोदित दरों पर कार्य करने की सहमति लेकर कार्य कराया जा सकेगा, जो शेष अवधि के लिए होगा।
58. इस करार से उत्पन्न समस्त विवादों तथा इस करार के निर्वाचन से संबंधित समस्त प्रश्न नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा निर्णित किये जायेंगे और नगर निगम कोटा उत्तर का निर्णय अंतिम होगा।
59. सिविल विवाद की स्थिति में स्थानीय सिविल न्यायालय को ही क्षेत्राधिकार होगा।
60. राज्य सरकार व नगर निगम कोटा उत्तर निर्देश मान्य होंगे। द्वारा समय समय पर जारी आदेश निर्देश मान्य होगा।
61. निविदादाता को ई–मेल द्वारा सूचना दी जा सकती है। इसलिए आप अपने फैक्स नम्बर साथ ही ई–मेल तथा मोबाईल नम्बर देने जरूरी होंगे।



Scanned with OKEN Scanner

62. सतोषजनक कार्य नही होने की स्थिति मे अनुबन्ध को किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है तथा प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी।
63. निविदादाता द्वारा किसी भी आईटम की दर प्रस्तुत नहीं करने पर निविदा को अपूर्ण मानकर निरस्त कर दिया जायेगा।
64. दर संविदा हेतु किसी निविदादाता द्वारा अस्पष्ट एवं अव्यावहारिक दरें दी जाती है, तो उसकी निविदा निरस्त कर अमानता राशि जब्त कर ली जायेगी।
65. यदि किसी निविदादाता द्वारा टेण्डर की राशि से कम दर भरी जाती है तो सफल निविदादाता को एल. ओ.ए. (स्वीकृति प्रत्र) जारी किये जाने के 14 दिवस के अन्दर अन्तर की राशि बीजी/एफडीआर/एनएससी के रूप में नगर निगम कोटा उत्तर मे जमा करानी होगी। कार्य संतोषप्रद पूर्ण होने के पश्चात् वापस लौटा दी जावेगी।
66. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र तथा एनेक्सचर A, B & C को स्वयं हस्ताक्षर कर स्केन करके www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड करने पर ही निविदा को मान्य किया जावेगा। अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
67. निविदादाता दरों की वैधता अवधि खोले जाने की दिनांक से 90 दिवस तक अनुमोदन हेतु मान्य होगी।
68. आर.टी.पी.पी. एक्ट 2012 एवं आर.टी.पी.पी. रूल्स 2013 की सभी नियमों एवं शर्ते पूर्णतः प्रभावी रहेगी।

**मैने सलंग्न शर्तो, निर्देशो का भली भांति अध्ययन**

**कर लिया है, मैं उक्त से सहमत हूँ ,**

**एंव पालन करूगां।**

हस्ताक्षर संवेदक :–.............................................

नाम. :– .............................................

पता :– .............................................

फोन नं./मोबाईल नं. :– ..................................

**अति० आयुक्त**

**नगर निगम कोटा उत्तर**

Scanned with OKEN Scanner